दिनांक 06/09/2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सेक्टर 7 में 87 लाख की लागत से होंगे विभिन्न विकास कार्य , महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमि पूजन

भिलाई नगर । महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव और एमआईसी के लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने आज रविवार को सेक्टर 7 के सड़क नंबर 37 में 87 लाख की लागत से प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री यादव ने कहा कि लोगों का स्नेह ही हमारी शक्ति है। लोगों के विश्वास के अनुरूप कार्य ही , हम सभी का विकास है। सीमेंटीकरण एवं पेवर ब्लॉक लगाने से आवागमन में सहूलियत के साथ ही बारिश के दिनों में कीचड़ से निजात मिलेगा! लोगों की मांग के अनुसार वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। वहीं एमआईसी सदस्य श्री राजू ने अधिकारियों को निर्माण के दौरान ढलान और गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के साथ ही समय पर कार्य पूर्ण करने कहा। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 65 की पार्षद ललित रेड्डी, सौरभ दत्ता, आदित्य सिंह, डीथॉमस, रोजाबीन, अफरोज खान, रविशंकर सिंह एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, निगम के अधिकारियों में प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील जैन , सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता एवं उप अभियंता श्वेता महेश्वर मौजूद रहे।
सेक्टर 7 में ये कार्य होंगे

जनसंपर्क अधिकारी